>

Title : Need to release financial assistance to the Government of Maharashtra for setting up biogas projects in the State.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): सरकार के द्वारा अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत के रूप में बायोगैस और खाद की व्यवस्था करने के उद्देश्य से राÂ ष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। इससे ऊर्जा प्राप्ति के साथ साथ खाद की भी व्यवस्था होती है और पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। लेकिन महाराÂष्ट्र राज्य की ओर से कई प्रस्ताव भेजे गए हैं, परन्तु सन 2007-2008 के दौरान ही 441.80 लाख रूपए की सहायता लम्बित पड़ी है। इस तरह से सरकार की ओर से सहायता नहीं मिलना किसानों को हतोत्साहित करने के समान है। कृपया इसे जारी करें।